पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 7 मार्च 2020

महिलाओं को 8 से मिलेगा पिंक स्टेशन

दो मेट्रो परिसरों में बच्चों को दूध पिलाने से लेकर मेकअप तक की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

एक्वा लाइन के मेट्रो स्टेशनों पर महिलाओं के लिए विशेष सुविधा दी जाएगी। यह सुविधा एक्वा लाइन के दो मेट्रो स्टेशन सेक्टर-76 व परिचौक पर मिलेगी। इनमे एक स्टेशन को पिंक स्टेशन के रूप में तब्दील कर दिया गया है। यह सेक्टर-46 का स्टेशन है। महिला दिवस के अवसर पर एनएमआरसी की निदेशक व अन्य अतिथि इस पिंक स्टेशन का रिबन काटकर इसका शुभारंभ करेंगे।

यहां महिलाओं के लिए बच्चों को दूध पिलाने का कमरा, मेकअप रूम, ड्रेसिंग रूम इत्यादि की व्यवस्था है। पिंक स्टेशन के बाहरी हिस्से में भी थोड़ा बदलाव किया गया है ताकि लोगों को दूर से पता चल सके कि यह पिंक स्टेशन है। स्टेशन के अंदर का नजारा अन्य स्टेशनों से बिल्कुल अलग है। इसमें टोकन काउंटर से लेकर मे-आई हेल्प यू तक में बैठने वाला स्टॉफ महिलाओं का होगा। पिंक स्टेशन को इको फ्रेंडली बनाया गया है।

एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में इन दोनों स्टेशनों को चुना गया है।

वह इसलिए क्योंकि राइडरशिप के मामलों में यहा से महिलाओं की आवाजाही ज्यादा है। साथ ही यह स्टेशन अन्य स्थानों पर बनाए जाने वाली पिंक स्टेशनों के लिए नजीर साबित होंगे। इन दोनों स्टेशनों को पिंक स्टेशन बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

सरकारी योजनाओं की भी मिलेगी जानकारी

1. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम, किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए राजीव गांधी योजना सबला
2. इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना
3. प्रधानमंत्री उज्वला योजना स्वाधार घर योजना
4. महिलाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार कार्यक्रम

स्टेशनों पर पिंक शौचालय

बच्चों की दूध पिलाने की सुवधिा, साथही मेकअप रूम, चेंजिंग रूम, सेनेट्री पेड वेंडिंग मशीन य डिस्ट्राय मशीन, लोगों को परेशानी नहीं हो इसके लिए मय आई हेल्प यू डेस्क।